हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 रामबिशाल पांडेय स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



14 अंचल में सर्वे के दौरान मिली एक सदी पुरानी पांडुलिपि





## खबर संक्षेप

### अमन, याचना, यामिनी ने भेण्डरी को किया गौरवान्वित







**नवापारा-राजिम।** ग्राम भेण्डरी के शा.वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव हायर सेकंडरी स्कूल में विज्ञान संकाय के कक्षा बारहवीं के छात्र अमन साहू ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। दसवीं में कुमारी याचना सिन्हा 96 फिसदी अंक एवं यामिनी ने 88% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य ज्योति बघेल ,परीक्षा प्रभारी प्रमोद चंद्राकर सहित ग्राम सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा ने बधाई दी हैं।

### सशिमं 10वी में डाली और 12वीं में करण स्कूल में प्रथम



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025–26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इसमें कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 72.58 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 90.3 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में डाली साहू पिता लेख राम साहू ने 88.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान एवं बहन जागृति साहू पिता रोमनाथ साहू 86.5 द्वितीय एवं भैया भोजेंद्र कुमार साहू पिता रेवती रमण साहू ने 85.8 प्रतिशत अंक अर्जित तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में करण कुमार पिता तोशन खरे 86.6 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लीलम साहू पिता केवल राम साहू 85.02 प्रतिशत एवं मनीष कुमार सोनकर पिता रेवाराम सोनकर 80.4 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### पेंशनर समाज की बैठक अब 1 मई को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकासखंड के पेंशनर समाज की मासिक बैठक अब 2 मई शनिवार को आयोजित की जाएगी। पहले यह बैठक 1 मई को निर्धारित थी, लेकिन उस दिन बुद्ध पूर्णिमा पर अवकाश रहने और बैंकों के बंद होने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा एवं सचिव चिन्ता राम सिन्हा ने बताया कि सभी सदस्यों से 2 मई को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## 12 वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के चार व 10 वीं में एक को मिली रैंक

# गरियाबंद जिले के छात्र- छात्राओं ने रचा इतिहास बोर्ड की मेरिट सूची में 5 विद्यार्थियों ने बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

शैक्षणिक सत्र 2025 -2026 के बुधवार को घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व उपलब्धियों वाला रहा। कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के चार विद्यार्थियों ने राज्य मे टॉप टेन रैंक हासिल किया। इनमें सेजेस छुरा के महक सचदेव ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित करके 7 वां रैंक प्राप्त किया। इसी प्रकार तनिषा साहू शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कौन्दकेरा ने 96.80 प्रतिशत अंक अर्जित करके 8 वां रैंक हासिल किया। विद्या रानी साहू शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सड़क परसूली ने 96.40 प्रतिशत अंक अर्जित करके 10 वां रैंक एवं प्रेमिन सोनकर शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल राजिम की छात्रा ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 10 वाँ रैंक प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा 10वीं में सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा के नोबेल कुमार साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। इस बार गरियाबंद जिला में कक्षा-10 वीं में 5 प्रतिशत अधिक 84.16 प्रतिशत एवं 12 वीं में 3 प्रतिशत अधिक 92.89 प्रतिशत परिणाम मिला। पिछले वर्ष की अपेक्षा। जिला-गरियाबंद में 10 वीं में एक छात्र और और 12 वीं में 4 छात्राएं टाप-10 में आईं हैं।

**डीईओ पहुंचे विद्या के घर, दी शुभकामनाएं :** आज कु. विद्या रानी साहू के निवास ग्राम रावणसिघि जाकर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, प्राचार्य फेबिया लकड़ा, व्याख्याता प्रदीप यादव, डीएमसी शिवेश शुक्ला, श्याम चंद्राकर, मनोज केला, बीईओ गजेंद्र धुरव, देवनाथ बघेल, बीआरसी श्री छन्नू सिन्हा, प्राचार्य ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी।



### विद्या ने 12वीं की मेरिट सूची में हासिल किया 10 स्थान

गरियाबंद। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सड़कपरसूली की छात्रा विद्यारानी साहू ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 500 में 462 अंक हासिल कर 96.40 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता स्व. सुरेश साहू एवं माता ज्योति साहू हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यारानी ने कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यारानी ग्राम रावण सिंघी, ग्राम पंचायत खरहरी की निवासी हैं। उनकी इस सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, शिवेश शुक्ला, सुरेश केला, सरपंच जगदीश ठाकुर, डमरू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी। ग्रामीणों ने विद्यारानी की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में गर्व और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



### नोबेल ने 97.83% के साथ मेरिट सूची में पाया 8वां स्थान

सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा के छात्र नोबेल कुमार ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया है। नोबेल कुमार पिता रूपनारायण साहू, ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार और शिक्षकों ने नोबेल की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही, परिजनों और समाजजनों ने भी उन्हें बधाई देते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया है।



### किराना दुकानदार की बेटी महक ने 12वीं की प्रदेश मेरिट सूची में पाया 7 वां स्थान

**गरियाबंद/ छुरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार गरियाबंद जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। छुरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरा की छात्रा महक सचदेवा ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह जिले में प्रथम स्थान पर रहीं हैं। महक एक साधारण परिवार से आती हैं, उनके पिता किराना दुकान चलाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद महक ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करना था, लेकिन उससे अधिक अंक आने पर वह बेहद खुश हैं। महक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के सहयोग और मार्गदर्शन को दिया। उनका कहना है कि परिवार के समर्थन और विश्वास ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। जिले की टॉपर महक सचदेवा अब आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी ए) बनना चाहती हैं और इसी दिशा में आगे की पढ़ाई करने की योजना बना रही हैं। स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने महक की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। महक की इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। उनकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियों में भी बड़ी

### गरीब की बेटी प्रेमीन ने रचा इतिहास बारहवीं में टॉप टेन में



**राजिम।** मेहनत, लगन और मजबूत हौसलों के आगे आर्थिक अभाव भी बौने साबित होते हैं। इसका जीवंत उदाहरण नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की कक्षा बारहवीं की छात्रा प्रेमीन सोनकर ने पेश किया है। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद इस होनहार छात्रा ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में दसवां स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नगर का नाम रोशन कर दिया है। बताया जाता है कि छात्रा एक अत्यंत गरीब परिवार से संबंध रखती है, जहां रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। इसके बावजूद उसने अपनी पढ़ाई को कभी प्रभावित नहीं होने दिया। कठिन परिस्थितियों में भी नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर उसने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। शिक्षकों ने इसे अपनी मेहनत और छात्रा की लगन का परिणाम बताया। स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए समाज को भी सहयोग करना चाहिए। वहीं, शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षा प्रेमियों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी है। छात्रा प्रेमीन सोनकर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया है। उसने बताया कि उसका सपना एलएलबी कर आगे समाज और देश की सेवा करना है। बता दें कि तीन भाई ,बहनो में यह छात्रा दूसरे नंबर की है। बड़ी बहन की शादी हो गई है और भाई छोटा है। सिर से ▶▶ शेष पेज 12 पर

## मध्यप्रदेश के युवकों से 6 लाख का गांजा बरामद, तीन आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

कार में गांजा लेकर जा रहे युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास 6 लाख 12 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

देवभोग पुलिस ने एक बार फिर अंतरराज्यीय गांजा तस्करी का पर्दाफाश किया है। चेकिंग के दरम्यान खुटगांव जांच नाका से एमपी पासिंग की एक स्विफ्ट डिजायर कार देवभोग की ओर आगे बढ़ गई। नाकेबंदी कर पुलिस ने वाहन रोककर जांच किया तो कार की डिक्की में एक सफेद रंग की बोरी में टेप से बंद पेकेट दिखे। सूंघने पर गांजा की खुशबू आई,पेकेट को विधिवत खोला गया जिसमें 12 किलो 100 किलोग्राम गांजा निकला। जब्त गांजे की कीमती 6 लाख रुपये आंकी गई है। थाना प्रभारी फैजुल हुदा शाह ने बताया कि मामले में आरोपी मोन्टी जैन उम्र 25 वर्ष निवासी ,थाना सिटी कोतवाली, जिला अशोकनगर राकेश कुशवाहा 25 वर्ष निवासी जलालपुर, थाना व जिला अशोकनगर (म.प्र.) एवं वाहन चालक राजेश उर्फ बिट्टू कुशवाहा पिता नरेन्द्र सिंह कुशवाहा उम्र 26 वर्ष निवासी शंकरपुर, थाना व जिला अशोकनगर के खिलाफ 20(बी) एनडीपीएम एक्ट के अंतर्गत अपराध पाए जाने से मौके पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया गया है।

■ जरुरतमंद अपराधियों का किया जा रहा उपयोग



### 15 हजार के लालच में फंस गए युवक

मध्यप्रदेश अशोक नगर का तस्कर आरोपियों को 15–15 हजार मेहनताना में सौदा कर किराए की कार में भेजता है। मिली जानकारी के मुताबिक जरुरतमंद अपराधिक किस्म के लोगों को इस काम के लिए चुना जाता है। आरोपी मोबाइल लोकेशन के सहारे ओडिसा के कालाहांडी जिले में खोखसरा थाना क्षेत्र में पहुंच समान गाड़ी में रख लिए। प्रति किलो 5 हजार रुपए की दर से तस्कर ओडिसा के पेडलर से फोन के जरिए सौदा और भुगतान पहले से कर लिए होते हैं। पकड़े गए आरोपियों ने मुख्य तस्कर के बारे में कई खुलासे किए हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच जारी रखे हुई है।

**दो दिन पहले नहर में फेंक गए थे गांजा –** गरियाबंद के इस रास्ते का इस्तेमाल ज्यादातर एमपी के तस्कर करते हैं। जबकि राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के बड़े तस्कर महासमुंद जिले को अपना कॉरिडोर बनाए हुए हैं। तस्करी के रोज नए खुलासे के बाद सीजी पुलिस ने ओडिसा सीमा के जिले को एलर्ट कर दिया है। यही वजह है कि दो दिन पहले अंतरराज्यी तस्करों ने पाण्डुका की अतरमरा नहर में गांजा के 17 पैकट फेंक भाग गए थे।

## सड़कों पर भटकती गौमाता, बढ़ते हादसे बने चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

सनातन धर्म में गौमाता को पूजनीय और सम्मान का सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रहा है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश लावारिस हालत में विचरण कर रहा है। यह स्थिति न केवल गौमाता के लिए कष्टदायक है, बल्कि आमजन के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। तेज रफ्तार यातायात के बीच सड़कों पर बैठे या अचानक आ जाने वाले मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई मामलों में लोगों की जान तक जा चुकी है, वहीं गौवंश भी

■ क्षेत्र के गौसेवकों ने ज्ञापन सौंपकर कड़े कानून और ठोस व्यवस्था की उठाई मांग



इन हादसों का शिकार हो रहा है। इसके चलते यातायात व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय गौसेवकों और गौभक्तों ने इस गंभीर समस्या को लेकर पहल शुरू की है। क्षेत्र के गौसेवकों ने तहसीलदार-एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए इस मुद्दे को देश के उच्च स्तर तक पहुंचाया है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम कड़ा कानून बनाने तथा गौवंश के संरक्षण के लिए ठोस व्यवस्था लागू करने की अपील की गई है। गौसेवकों का कहना है कि केवल ज्ञापन सौंपना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अब जरूरत है जमीनी स्तर पर ठोस और प्रभावी कदम उठाने की। सड़कों पर विचरण कर रही गौमाताओं को सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक पहुंचाने, उनके भोजन और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उनके मालिकों की जवाबदेही तय करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाना आवश्यक हो गया है। समाजसेवियों का मानना है कि इस समस्या के पीछे कई कारण हैं, जिनमें गौशालाओं की कमी, संसाधनों का अभाव, तथा दूध देना बंद कर चुकी गायों को छोड़ देने की प्रवृत्ति प्रमुख है। ऐसे में प्रशासन, समाज और गौभक्तों को मिलकर ▶▶ शेष पेज 12 पर

## कृषि मंत्री नेताम आज मैनपुर में, सामुदायिक भवन का उद्घाटन कर, ध्रुव गोड़ महासभा में होंगे शामिल

**मैनपुर।** आदिम जाति कल्याण एवं कृषि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम 30 अप्रैल को मैनपुर प्रवास पर रहेंगे। मंत्री नेताम के आगमन को लेकर आदिवासी समाज द्वारा जोरशोर से तैयारियां की जा रही है। जगह –जगह स्वागत द्वार, फ्लैक्स, बेनर, पोस्टर लगाये जा रहे हैं।



मंत्री रामविचार नेताम मैनपुर पहुंचकर आदिवासी अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन करेंगे। नगर मे आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला गरियाबंद की वार्षिक महासभा सामुदायिक भवन में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होंगे। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज गरियाबंद जिला अध्यक्ष पुरनसिंह ठाकुर, अतिविशिष्ट अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज प्रांताध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, उमेंदी कोर्राम, सोहन ध्रुव, मैनपुर जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, आदिवासी समाज तथा अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे।

■ आदिवासी समाज द्वारा जोरदार स्वागत की तैयारी

## ओडिशा के कालाहांडी में 4.1 तीव्रता का भूकंप, गरियाबंद जिले की धरती कांपी

**मैनपुर।** पड़ोसी राज्य ओडिशा में आज बुधवार शाम आए भूकंप ने गरियाबंद समेत सीमावर्ती इलाकों में हड़कंप मचा दिया। भारत सरकार के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई है। इस प्राकृतिक हलचल का केंद्र ओडिशा का का ला हां डी जिला रहा, जिसकी गहराई जमीन से 24 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई।

■ गरियाबंद देवभोग और मैनपुर क्षेत्र में भी कांपी धरती, लोगों में दहशत

**गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में मची अफरा - तफरी :** देवभोग के साथ ओड़ीसा सीमा से लगे मैनपुर इलाके में तेज आवाज के साथ हुई भूमि कंपन से लोग सहम गए, रात 7.42 बजे करीब 3 सेकड तक कंपन महसूस किया गया। पड़ोसी राज्य ओडिशा में इसका असर ज्यादा रहा, तीव्रता मध्यम होने के बावजूद, ओडिशा की सीमा से लगे गरियाबंद में इसके स्पष्ट झटके महसूस किए गए। बता दें कि देवभोग में देर शाम से मौसम




का मिजाज बदला हुआ था। बारिश के बाद आसमान में बिजली चमक रही थी, लेकिन इसी बीच पूरे इलाके में झटका महसूस किया गया। तीव्रता इतनी थी कि जमीन पर रखी वस्तुओं में कंपन देखी गयी। किसी धमाके जैसी आवाज के साथ हुई इस हलचल से इलाके भर के लोग घबरा गए। स्थानीय सोशल मीडिया पर संभावित भूगर्भीय घटना की चर्चा भी तेज हो गई। देवभोग के अलावा मैनपुर विकासखंड अमलीपदर तहसील क्षेत्र में भी इस कंपन को महसूस किया गया।

**विशेषज्ञों की सलाह :** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है, विशेषज्ञों का कहना है कि यदि झटके दोबारा महसूस हों, तो भारी वस्तुओं से दूर रहें और तुरंत सुरक्षित खुले स्थान पर चले जाएं।

### नुकसान की कोई खबर नहीं

प्रशासनिक अधिकारियों और आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से राहत की बात यह है कि अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि या जान-माल के नुकसान की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। भूकंप की तीव्रता 4.1 होने के कारण इमारतों को बड़े नुकसान का खतरा कम रहता है, हालांकि सीमावर्ती गांवों में कच्ची दीवारों में हल्की दरारे पड़ने की आशंका है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

तहसीलदार अजय चंद्रवंशी ने कहा कि दूरभाष के माध्यम से तहसील भर में कंपन की सूचना मिली है। विधिवत इसे उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर मामले को भूगर्भ विशेषज्ञों तक पहुंचाकर इसका अध्ययन कराया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने दिया जोर

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर लाइसेंस होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम




जिले की सड़कों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए गरियाबंद कलेक्टर बी.एस. उइके एवं एसपी नीरज चंद्राकर ने संयुक्त रूप से एक विशेष बैठक ली। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं नशा नियंत्रण को लेकर समीक्षा की गई। मालूम हो कि हरिभूमि ने पिछले दो दिनो मंगलवार एवं बुधवार के अंक में शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर हो रही पुलिस कार्रवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसी तारतम्य में बुधवार को कलेक्टर,एसपी ने बैठक कर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते


अभियान : अब पूरे जिले में चेकिंग अभियान की उठी मांग

राजिम में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

सबसे ज्यादा दुर्घटना नेशनल हाइवे 130 राजिम गरियाबंद मार्ग पर



हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश भी दिए। बैठक में शहरों एवं नगरीय निकायों में सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। कलेक्टर ने ऐसे स्थानों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय से पशुओं को सड़कों से हटाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने नशा संबंधित अवैध गतिविधियों पर सख्ती बरतते हुए परिवहन विभाग को मादक पदार्थों के परिवहन एवं आपूर्ति पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दवाई दुकानों में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने एवं उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में बताया गया कि योग, मेडिटेशन एवं मोटिवेशन के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही बच्चों के आवासीय विद्यालयों एवं आश्रमों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु ड्रग कंट्रोलर को नियमित जांच करने तथा आदिवासी विभाग के अधिकारियों के साथ समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि जिले की सीमा उड़ीसा राज्य से लगी होने के कारण अवैध मादक पदार्थों की ▶▶ शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

## फणिकेश्वरनाथ कालेज फिंगेश्वर की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि जारी




**फिंगेश्वर।** फणिकेश्वरनाथ शासकीय महाविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाओं के विभिन्न विषयों के प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दीं गई है। काले प्रबंधन के अनुसार एम.एस.सी.चतुर्थ सेमेस्टर 30.04.2026, बी.एस.एसी.द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर भौतिकी, बी.एस.सी.द्वितीय सेमेस्टर वनस्पतिशास्त्र डीएसई 2.05.2026, बी.एस.सी.चतुर्थ सेमेस्टर वनस्पतिशास्त्र डीएससी11.05.2026, डीएसई12.05.2026, डीएससी 13.05.2026, बी.ए.चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल 4.05.2026,एम.एस.सी.द्वितीय सेमेस्टर रसायन एवं बी.एस.सी.चतुर्थ सेमेस्टर प्राणीशास्त्र की 8.05.2026 को प्रायोगिक परीक्षा होगी। इसी प्रकार एम.एस.सी.चतुर्थ सेमेस्टर रसायनशास्त्र 13.05.2026 एवं बी.एस.सी.द्वितीय सेमेस्टर प्राणीशास्त्र 14.05.2026 को परीक्षा आयोजित होगी।

## सड़क चौड़ीकरण के बाद उजड़ी हरियाली, राहगीरों को नहीं मिल रही छांव

**राजिम।** राजिम-पांडुका-गरियाबंद मार्ग पर इन दिनों तपती गर्मी में राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजिम से पांडुका 21 किमी तक इस मार्ग पर छांव का नामोनिशान तक नहीं बचा है। कभी यह सड़क दोनों ओर घने, छायादार वृक्षों से आच्छादित हुआ करती थी, जहाँ राहगीर गर्मी से राहत पाने के लिए कुछ समय रुककर विश्राम किया करते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क चौड़ीकरण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर दी गई, लेकिन उसके बाद अब तक व्यवस्थित रूप से पौधारोपण नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, पूरे मार्ग पर हरियाली खत्म हो गई है और तेज धूप में सफर करना बेहद कठिन हो गया है। खासकर पैदल चलने वाले, साइकिल सवार और दोपहिया वाहन चालकों को इस समस्या का सबसे अधिक सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जब तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में छायादार वृक्षों का अभाव लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर डाल रहा है। राहगीरों का कहना है कि पहले जहाँ हर कुछ दूरी पर पेड़ों की छांव मिल जाती थी, अब वहां दूर-दूर तक कोई राहत नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर शीघ्र ही व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाए और उनकी देखरेख की ठोस व्यवस्था बनाई जाए, ताकि आने वाले समय में फिर से हरियाली लौट सके और राहगीरों को राहत मिल सके। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को संतुलित करना बेहद आवश्यक है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को कितनी प्राथमिकता देता है और राहगीरों को छांव उपलब्ध कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# रामबिशाल पांडेय स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम






शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय के प्राथमिक विभाग (कक्षा 1 से 4) तथा पूर्व माध्यमिक विभाग (कक्षा 6 एवं 7) ने शत-प्रतिशत (100%) परीक्षा परिणाम दर्ज कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, वहीं हाई एवं हायर सेकेंडरी विभाग (कक्षा 9 एवं 11) का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत रहा। प्राचार्य बी.एल. ध्रुव द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिस पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, राष्ट्रीय आईटी सेल सदस्य विवेक शर्मा, महेंद्र कश्यप, चंदन बंजारे, विजेता देवानी सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन का संदेश दिया। सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में प्राचार्य बी.एल. ध्रुव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सराहना की। इस अवसर पर कक्षा-वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में एस.के. सूर्यवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। विद्यालय परिवार के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा-वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों में कक्षा 1 में प्रथम स्थान चेतना साहू, द्वितीय स्थान युक्ति देवांगन एवं तन्मय साहू तथा तृतीय स्थान अनन्या साहू ने प्राप्त किया। कक्षा 2 में प्रथम स्थान सौम्य, द्वितीय स्थान प्रेम देवांगन एवं तृतीय स्थान खिवांश के. नागरची रहे। कक्षा 3 में प्रथम स्थान दिव्यांश यादव, द्वितीय स्थान रुपल एवं तृतीय स्थान सृष्टि देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा 4 में प्रथम स्थान घनसार प्रिया, द्वितीय स्थान प्रियंका साहू एवं तृतीय स्थान अभ्युदय रहे। कक्षा 6 में प्रथम स्थान सूर्यांश वर्मा, द्वितीय स्थान मोहनिश देवांगन एवं तृतीय स्थान सृजन बंजारे ने प्राप्त किया। कक्षा 7 में प्रथम स्थान सौम्या साहू, द्वितीय स्थान सौम्या साहू एवं तृतीय स्थान हर्षिता साहू रहीं। कक्षा 9 में प्रथम स्थान महिमा साहू, द्वितीय स्थान वंदना ध्रुव एवं तृतीय स्थान देविका देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा 11 में प्रथम स्थान गीतांजलि बंजारे, द्वितीय स्थान जयेश साहू एवं तृतीय स्थान माया साहू ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## बिजली स्कूल में 12वीं में कुशमी एवं दसवीं में अभिषेक प्रथम



फिंगेश्वर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं बारहवीं का 81.81 प्रतिशत रहा। वहीं बारहवीं कक्षा में कुशमी निषाद 81.2 प्रतिशत लेकर प्रथम रितु सेन 75.3 प्रतिशत द्वितीय एवं मुस्कान यादव 67.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।

दसवीं में अभिषेक मांडले 77.5 प्रतिशत प्रथम, जास्मीन साहू 71.8 प्रतिशत द्वितीय एवं कीर्ति निषाद 70.8 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। यह उपलब्धि केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का प्रतीक है। यह परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम सच्चा हो तो सफलता अवश्य ही मिलती है। शिक्षा वह ज्योति है, जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है। उन्होंने आगे कहा कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है, जो विद्यार्थी पूरक आए हुए हैं उन्हें निराश न होने की बात कहते हुए अच्छे से अवसर परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की बाते कही। इसके साथ–साथ ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें तो निश्चित ही सफलता मिलेगी।वहीं अवसर परीक्षा हेतु बोर्ड द्वारा जैसे ही समय सारिणी निर्धारित होती है तो उनकी जानकारी पृथक से आप लोगों को दी जावेगी।

इस मौके पर सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा,शाला विकास समिति अध्यक्ष गजेंद्र निषाद,सरपंच पदमा मोती निषाद,जनपद पंचायत सभापति नंदूराम यादव,मोती राम निषाद,सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, विधायक प्रतिनिधि उदय यादव, संकुल समन्वयक भुवन यदु, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा,योगेश सोनकर,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू,क्लर्क दुष्यंत साहू,तोमन राम साहू,अविनाश साहू शाला विकास समिति सदस्य दयाराम साहू,प्रदीप कुमार सेन,शैलेन्द्र यादव,दूजलाल ढीढी,पीतांबर साहू,कुंतराम साहू,डीहू राम पटेल,गैदू राम ध्रुव,हरिश्चन्द्र ढीढी,संतोषी साहू व ललिता निषाद ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## नवापारा के पीएमश्री हरिहर विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



नवापारा-राजिम। पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीजी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस स्कूल में कक्षा 12वीं में कुल 134 विद्यार्थियों में से 133 उपस्थित रहे, जिनमें से 125 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का कुल परिणाम 93.99% रहा। कक्षा 12वीं में देवकुमार दुबे 480 अंक (96%)सुमित कुमार चक्रधारी 458 अंक (91.6%),पंकज कुमार 449 अंक (89.8%) भुनेश्वर 443 अंक (88.6%) टिकेश्वर निर्मलकर 441 अंक (88.2%) रहा। कक्षा 10वीं परिणाम में कुल 152 विद्यार्थियों में से 151 उपस्थित हुए, जिनमें से 113 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 74.83% रहा। हिन्दी माध्यम का परिणाम 73.28%, अंग्रेजी माध्यम का परिणाम 80% रहा। कक्षा 10वीं टापर्स मोहित कंसारी 557 अंक (92.83%), वंश देवांगन 553 अंक (92.17%) पुष्पेंद्र कुमार देवांगन 532 अंक (88.67%),पियूषा साहू 531 अंक (88.5%), विवेक हिरवानी 503 अंक (83.33%) प्राप्त किए है।

## भुकन्या ने 10वी में हासिल किए 94% अंक अंक

**छुईहा बेलर।** शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर भुकन्या ने न केवल अपने विद्यालय, अपितु संपूर्ण अंचल में शीर्ष स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मस्तक गौरव से ऊंचा किया है। उन्होंने आईएएस बनने का स्वप्न संजोया है। प्रारंभिक कक्षाओं से ही अध्ययन के प्रति अनुराग रखने वाली भुकन्या की यह उपलब्धि आकस्मिक नहीं, अपितु सतत परिश्रम, गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं परिवार व माता-पिता के संस्कारों का प्रतिफल है। अपनी सफलता का श्रेय साझा करते हुए भुकन्या ने समस्त गुरुजनों, शिक्षिकाओं केमार्गदर्शन तथा माता-पिता व दादा दादी के त्याग और प्रोत्साहन ने ही मुझे इस योग्य बनाया। विधायक राजिम रोहित साहू ,फिंगेश्वर महाविद्यालय अध्यक्ष राजु साहू,प्राचार्य एम.के. साहू, पूर्व प्राचार्य नारायण निषाद, पूर्व प्राचार्य दुर्गाराम सिन्हा, सरपंच गजेश्वर सिन्हा तथा पूर्व शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष परदेशी राम सिन्हा , सेवा निवृत्त उपसंचालक रामजी सिन्हा, कलार समाज प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा,निलम अंगारे,पुनम ध्रुव, रोहित ध्रुव, महेंद्र साहू,रामाधिन ध्रुव, मुकेश निर्मलकर,नेहा ठाकुर,संदीप रात्रे,किरण मटियारा,योगेन्द्र पोर्ते, चैतन्य,गरिमा श्रीवास, पद्मनी ध्रुव इत्यादि ने बधाई दी।




## प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की जयंती पर सतनामी समाज ने किया स्मरण, योगदान को किया नमन

**राजिम।** सतनामी समाज के सलाहकार भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील जननेता और दूरदर्शी नीति के लिए उन्हें जाना जाता था। आज 29 अप्रेल को उनकी जयंती पर उन्हें स्मरण कर नमन करते है जिसने नवगठित छत्तीसगढ़ को पहचान, स्थिरता और विकास की सुदृढ़ दिशा दी। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अजीत जोगी का जन्म 29 अप्रैल 1946 को बिलासपुर जिले के वर्तमान गौरेला-पेंड्रा-मरवाही क्षेत्र में हुआ। सामान्य परिवेश से निकलकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और बाद में प्रशासनिक सेवा की ओर अग्रसर हुए। उनका शैक्षणिक जीवन अनुशासन, मेहनत और उत्कृष्टता का प्रतीक रहा। अजीत जोगी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे। अपने प्रशासनिक कार्यकाल में उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए शासन-प्रशासन की गहराइयों को समझा। आमजन की समस्याओं, ग्रामीण संरचना और विकास की चुनौतियों को उन्होंने नजदीक से अनुभव किया। यही अनुभव आगे चलकर उनके राजनीतिक जीवन में जनहितकारी नीतियों का आधार बना। वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, तब अजीत जोगी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बने।

उन्होंने शून्य से शुरूआत करते हुए प्रशासनिक ढांचे को खड़ा किया और विकास की मजबूत आधारशिला रखी। उनके नेतृत्व में राज्य ने प्रारंभिक वर्षों में स्थिरता और दिशा प्राप्त की। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, और अजीत जोगी ने किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने सरकारी धान खरीदी व्यवस्था को सुदृढ़ किया, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सका और कृषि क्षेत्र को स्थायित्व मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करने के लिए उन्होंने जोगी डबरी योजना को बढ़ावा दिया। छोटे जलस्रोतों के निर्माण से सिंचाई सुविधा बढ़ी, जल स्तर में सुधार हुआ और किसानों की निर्भरता वर्षा पर कम हुई। गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत किया। काम के बदले अनाज योजना के माध्यम से उन्होंने रोजगार और खाद्य सुरक्षा को एक साथ जोड़ते हुए गरीब वर्ग को राहत प्रदान की। अजीत जोगी ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, जनजातीय परंपराओं और विरासत को सहेजने के लिए पुरखौती मुक्तांगन की स्थापना की। यह स्थल आज भी राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ठोस कदम उठाए। प्रशासनिक संरचना को मजबूत करते हुए उन्होंने राज्य के संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास की जिस यात्रा की शुरूआत की, वह आज भी आगे बढ़ रही है।

## सुशासन तिहार 2026 : जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का महाअभियान 1 मई से

■ सुनी जाएगी आम लोगों की समस्याएं, होगा त्वरित निराकरण

राजिम। छत्तीसगढ़ में आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2026 का आयोजन 1 मई से पूरे प्रदेश में शुरू किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों तक व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। सरकार की इस पहल के तहत विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करेंगे। राजस्व, पंचायत, नगरीय निकाय, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य और पुलिस सहित सभी प्रमुख विभाग इसमें भाग लेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन को जनता के और करीब लाना है। सरकार चाहती है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, बल्कि एक ही स्थान पर सभी विभागों की सुविधाएं मिलें और तत्काल कार्रवाई हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जनता की शिकायतों का निराकरण करें। वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह आयोजन प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को कम करेगा। सुशासन तिहार के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, जिससे लोगों का भरोसा शासन-प्रशासन पर और मजबूत होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टरों और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाएं। कहा कि हर शिकायत का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिससे दूरदराज के लोगों को भी सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा, प्राप्त शिकायतों की निगरानी और समाधान की स्थिति पर लगातार नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में गिरने पर भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

## भाजपा ने राहुल व खड़गे का किया पुतला दहन



**मैनपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में गिरने के विरोध में स्थानीय बस स्टैंड पर भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतले दहन कर अपना विरोध प्रकट किया। कार्यक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश तथा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रदर्शन में प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। विशेष रूप से महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बना दिया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए संशोधन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह मुद्दा महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समाज की गरिमा से जुड़ा हुआ है, जिस पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष संतोष यादव एवं महामंत्री दिनेश सचदेव ने किया इस दौरान संतोष यादव, नंदनी नेताम, जिला उपाध्यक्ष कुमारी बाई पटेल, सरिता ठाकुर, दुलार सिन्हा, रामदास वैष्णव, दिनेश सचदेव, दिलीप साहू, तुलसी राठौर, रुपेश साहू, दिनेश शर्मा, सरिता ठाकुर, डाकेश्वर नेगी, मनोज निर्मलकर, नीतू ध्रुव, सुहागा पाड़े, केशर ठाकुर, वीणा पटेल, यशोदा पाड़े, जनक यादव,अजय बघेल शीशुपाल नायक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण लागू न करने के विरोध में कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी के नेतृत्व में महिला आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला आरक्षण बिल के नाम पर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उनका कहना है कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो चुका है, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। नेताओं ने कहा कि परसीमन प्रक्रिया का हवाला देकर केंद्र सरकार इस मुद्दे को टाल रही है, जिससे आम जनता, विशेषकर महिलाओं के बीच असमंजस की स्थिति बन रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सविता गिरी, उपाध्यक्ष रमेश मेश्राम, डिलेश्वर देवांगन, पार्षद संदीप सरकार, परमजीत कौर, योगेश्वरी साहू, पार्षद शीला तांडी, ममता फुलझले, सुमंत देवांगन, हिमकला साहू, गुरनुर कौर, भानु सिन्हा, कादर हिंगोरा, नादिर कुरैशी, ऐश्वर्या यदु, कोषाध्यक्ष नंदू गोश्वामी, अक्तू राम यादव, वालेश मरकाम, सूरज यादव, नमन ध्रुव, भावेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पेज 11 के शेष

**गरीब की बेटी प्रेमीन...**

पिता का साया 10 साल पहले ही उठ चुका है। कुल जमा 15 काठा की खेत है जिसमें भाजी,मूली जैसे सब्जी उगाकर मां शांति सोनकर घर का खर्च चलाती है और इस लड़की को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए वे रोज मन लगाकर पढ़ने के लिए कहती है। छात्रा प्रेमीन इस संवाददाता से बात करते हुए बताई कि वे नियमित रूप से स्कूल जाती है। स्कूल से आने के बाद टयूशन भी करती है और 6-7 घंटे की पढ़ाई भी। बता दें कि कामर्स की यह छात्रा व्यवसाय अध्ययन में 100 में 99 अंक , लेखाशास्त्र में 100 में 98, हिंदी में 100 में 95, बैंकिंग में 100 में 93 और औद्योगिक संगठन में 100 में 97 अंक प्राप्त किया है।

**सड़कों पर...**

सामूहिक प्रयास करने होंगे। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस पहल नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। गौ संरक्षण की भावना को वास्तविकता में बदलने के लिए अब केवल भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि सशक्त व्यवस्था और सतत निगरानी की आवश्यकता है।

**शराब पीकर गाड़ी चलाने...**

आवाजाही की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए विशेष चेक पोस्ट के माध्यम से सतत निगरानी रखने तथा गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनकार्ड की बैठक में जिले को नशामुक्त बनाने के लिए आवश्यक रणनीति पर चर्चा की और स्वापक तथा मनरू प्रभावी पदार्थों के नियंत्रण के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों में संचालित गतिविधियों एवं भर्ती व्यक्तियों की जानकारी भी ली तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डीपी ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी रविंद्र ठाकुर, पीडब्लूडी के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह सहित नशा मुक्त केंद्र के कर्मचारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर, एसपी के संयुक्त बैठक में, शराब पीकर वाहन चलाने वालो के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के दिए गए निर्देश पर पूरे जिला में हड़कंप मच गया है। इससे अब शराब पीकर वाहन चलाने वालो के सतर्क होने की संभावना जाहिर की गई है। पुलिस के लगातार चेकिंग और चालान से अप्रेल माह में दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। जिले की मातृशक्तियों ने पुलिस के इस अभियान की न केवल प्रशंसा की है बल्कि इसे लंबे समय तक चलाने की मांग भी की है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


जिला स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज
जिला शाखा गरियाबंद
वार्षिक महासभा
दिनांक - 30 अप्रैल 2026, गुरुवार
स्थान - शिक्षक कॉलोनी मैदान, मैनपुर
आपका हार्दिक अभिनंदन करती है...
श्री रामविचार नेताम जी
मान. मंत्री, आदिवासी, अ.जा.पि. वर्ग अल्पसंख्यक विकास एवं कृषि मंत्री छ.ग. शासन
श्री जनक राम ध्रुव जी
मान. विधायक
बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र
स्वागताकांक्षी - बिन्द्रानवागढ़ राज
विनीत - आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज जिला शाखा गरियाबंद (छ.ग.)
संकलन कर्ता - शेख हसन खान हरिभूमि मैनपुर जिला गरियाबंद 9179680573,6260553176

## खबर संक्षेप

### साहू समाज उपाध्यक्ष बनाए गए मनोहर राम



**छुईहा बेलर।** जिला साहू संघ गरियाबंद की बैठक में समाज पदाधिकारीयों का विस्तार किया गया है। जिला साहू संघ प्रवीण साहू की अनुशंसा से मनोहर राम साहू जामगांव को जिला साहू संघ गरियाबंद में उपाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया है। वहीं जिला साहू संघ सचिव पद तुलाराम साहू बेलर बनाये गये हैं।

### जिला साहू संघ की उपाध्यक्ष बनीं भेषमती साहू



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** जिला साहू संघ गरियाबंद द्वारा प्रथम बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला साहू संघ के अध्यक्ष प्रवीण साहू, देवराज साहू एवं पुष्पा जगन्नाथ साहू ,संगठन सचिव ठाकुर राम साहू, सुनीति साहू एवं पूरे पदाधिकारियों तथा वरिष्ठों के तत्वावधान में भेषमती साहू को जिला साहू संघ गरियाबंद में उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। साहू के नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को संगठित करने एवं उनके उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

### सागौन और साजा की लकड़ी जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रसेला।** वन विभाग की टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम रावनाभाठा में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी जब्त की है। विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद शशिगानन्दन और उपवनमण्डलाधिकारी राजिम विकास चन्द्राकर के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी छुरा लवकुश पाण्डेय के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम रावनाभाठा निवासी गोवर्धन, पिता चैतराम साहू के घर और बाड़ी में अवैध रूप से इमारती लकड़ी छिपाकर रखी गई है। वन विभाग की टीम ने जब मौके पर पहुंचकर पंचगणों की उपस्थिति में गोवर्धन के घर और बाड़ी की तलाशी ली, तो वहां से सागौन के लट्ठे और साजा के चिरान बरामद हुए। गणना के दौरान विभाग ने सागौन लट्ठाः 4 नग (कुल मात्रा 1.528 घन मीटर)साजा चिरान 08 नग (कुल मात्रा 0.155 घन मीटर) जब्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2,50,000/- रुपये आंकी गई है। विभाग ने अवैध लकड़ी को जब्त कर शासकीय वाहन से परिक्षेत्र कार्यालय छुरा लाया। आरोपी के विरुद्ध नामजद वन अपराध पंजीबद्ध कर आगे की विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### वनोपज सहकारी समिति प्रबंधकों की हड़ताल

**छुरा।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए 15 अप्रैल तक निराकरण करने की आग्रह किया गया था, जिसमें कार्यालय प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ रायपुर के द्वारा वर्तमान स्थिति तक प्रबंधक हित व प्रबंधकों के मांगों के अनुरूप कोई भी आदेश प्रसारित नहीं होने से प्रबंधकों में आक्रोश है। प्रबंधक संघ द्वारा पूर्व में अपने मांगों को पूर्ण करने हेतु निवेदन किया गया था, जो कि आज तक पूर्ण नही होने के कारण प्रबंधक संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए बाध्य है। प्रबंधक संघ के मांगो को मंत्रालय में बनी सहमती के आधार पर अविलंब आदेश प्रशारित किया जावे। समिति प्रबंधको के सेवा के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार के एक सदस्य को प्रबंधक पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया जावे। समिति प्रबंधको की सेवा निवृति अथवा मृत्यु पर जीवन निर्वाह हेतु एकमुश्त उपादान राशि प्रदान किया जावे। प्रबंधकों का वेतन उनके निजी बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण किया जाए।

# अंचल में सर्वे के दौरान मिली एक सदी पुरानी पांडुलिपि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण के दौरान एक सदी पुरानी दुर्लभ तालपत्र पांडुलिपि सामने आई है। कलेक्टर बीएस उइके ने गांव पहुंचकर पांडुलिपि का निरीक्षण किया और इसके संरक्षण व डिजिटलीकरण के निर्देश दिए। यह पांडुलिपि दांतबायकला ग्राम पंचायत अंतर्गत बोकरामुड़ा गांव में बिसुराम सोरी के घर पर सुरक्षित मिली। परिवार के अनुसार, उड़िया भाषा में लिखी यह पांडुलिपि उनके परदादा द्वारा करीब एक सदी पहले सुरक्षित रखी गई थी और तब से पीढ़ियों से संरक्षित है। करीब 229 पन्नों की इस तालपत्र पांडुलिपि में ज्योतिष शास्त्र से संबंधित गणनाएं, शुभ मुहूर्त निर्धारण और उस समय प्रचलित सामाजिक व धार्मिक परंपराओं का उल्लेख किया गया है। पुराने समय में विवाह, गृह प्रवेश और भूमि पूजन जैसे कार्यों का समय तय करने में इस तरह की पांडुलिपियों का उपयोग किया जाता था।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पांडुलिपि को संरक्षण की दृष्टि से जियो-टैग किया।

**डिजिटल रिकार्ड तैयार करना जरूरी :** कलेक्टर बीएस उइके ने इसे जिले की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि ऐसी प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना जरूरी है, ताकि भविष्य में शोध कार्यों में इनका उपयोग किया जा सके। यह कार्य ज्ञान भारतम्-राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले की 324 ग्राम पंचायतों और 6 नगरीय निकायों में 70 वर्ष से अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों की पहचान का कार्य जारी है।

- कलेक्टर पहुंचे बोकरामुड़ा गांव
- 229 पन्नों की इस तालपत्र पांडुलिपि में ज्योतिष शास्त्र से संबंधित गणनाएं, शुभ मुहूर्त निर्धारण



### पुरानी पांडुलिपि हो तो जानकारी दें: जिला प्रशासन

कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियां उपलब्ध हैं, तो वे प्रशासन को इसकी जानकारी दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण प्रक्रिया पूरी तरह स्वैच्छिक है और इससे पांडुलिपियों के स्वामित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर नेहा भेड़िया, जनपद पंचायत सीईओ केएस नागेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लापरवाही : जंगलों की निगरानी फायर वाचरों के भरोसे

# गरियाबंद के जंगलों में लगी आग, वन अधिकारियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप

**गरियाबंद।** जिले के वन क्षेत्रों में इन दिनों आग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व अभ्यारण्य और सामान्य वन मंडल गरियाबंद के जंगलों में लगी आग से व्यापक नुकसान की खबर है। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने वन विभाग पर आरोप लगाए हैं।

मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि मैदानी वन अधिकारी मुख्यालय में नहीं रह रहे हैं, जिसके कारण जंगलों की निगरानी पूरी तरह फायर वाचरों के भरोसे छोड़ दी गई है। उन्होंने दावा किया कि अपने क्षेत्रीय दौरे के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर जंगलों को धू-धू कर जलते देखा, जिससे बड़े पैमाने पर वन संपदा नष्ट हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते न केवल आग पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है, बल्कि अवैध कटाई, जंगल भूमि पर अतिक्रमण और वन्य जीवों का शिकार भी तेजी से बढ़ रहा है। कुछ मामलों में अवैध शिकारियों के पकड़े जाने को उन्होंने इसका प्रमाण बताया।

सिन्हा ने यह भी कहा कि कई अधिकारी मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने के बावजूद फर्जी ड्यूटी डायरी और लॉगबुक भरकर विभाग को हर साल लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का मुख्यालय गरियाबंद में होने के बावजूद उसका क्षेत्र करीब 45 किलोमीटर दूर से शुरू होता है, ऐसे में अधिकारी क्षेत्र की प्रभावी निगरानी कैसे कर पाएंगे। इसी तरह सामान्य वन मंडल के दूरस्थ परिक्षेत्र देवभोग, इंदागांव और कांदाडोंगर क्षेत्र में भी जंगलों के जलने और हरियाली खत्म होने की बात कही गई है।



फाइल फोटो

### आग से भारी नुकसान

स्थानीय लोगों के हवाले से उन्होंने बताया कि अगर अधिकारी क्षेत्र में मौजूद रहते, तो जंगलों और देवस्थलों की बेहतर सुरक्षा संभव होती। हाल के दिनों में धवलपुर, नवागढ़, जोबा-उरतुली, परसूली, छुरा, फिंगेश्वर, राजिम और पाण्डुका क्षेत्र के जंगलों में भी आग से भारी नुकसान हुआ है। मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि यदि ड्यूटी डायरी और लॉगबुक की जांच की जाए, तो कई अधिकारी बेनकाब हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## उल्बा वन क्षेत्र में लगी आग पर पाया काबू

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत राखी उल्बा के वन क्षेत्र में अचानक आग लगने से इलाके में हडकंप मच गया। आग लगने की इस घटना में जंगल के कई हिस्सों में पौधे झुलस गए, हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़े पेड़ों और व्यापक वन संपदा को भारी नुकसान होने से बचा लिया गया। मिली जानकारी अनुसार जंगल में आग लगने की सूचना सबसे पहले ग्राम के पटवारी द्वारा सरपंच नेहरू लाल साहू को दी गई। सूचना मिलते ही सरपंच ने तत्काल सक्रियता दिखाई और प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क साधा। सरपंच ने अभनपुर एसडीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को घटना की जानकारी देकर तत्काल फायर ब्रिगेड सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि तेज धूप और हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और देखते ही देखते जंगल के आधे से अधिक हिस्से तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय




जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा युवा साथियों के सहयोग से आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत और मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। समाचार लिखने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है।

## तेंदूपत्ता तोड़ाई कल से, चुरकीं दादर के ग्रामीणों ने चिपकाया पोस्टर कहा- हमारे क्षेत्र से न तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा।

छत्तीसगढ़ का राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति द्वारा तेंदू पत्ता तोड़ाई का कार्य एक मई से प्रारंभ किया जाएगा। इसके पूर्व समिति द्वारा जंगलों में बूटा कटाई की जाती है ताकि अच्छे पत्ते सामने आए और अधिक रेट पर बेचा जा सके। जिसका लाभ तेंदूपत्ता तोड़ने वाले हितग्राही और समिति को मिले।

संग्राहकों का कहना है कि शासन की इस संबंध में विभिन्न योजनाएं हैं किंतु अब से कम जंगल और अवैध कटाई की वजह से पत्ते की संख्या में भी कमी आई हैं। इस वजह से कई गांव में विभिन्न समितियां में लगातार बात आती है कि समितियां के अन्य लोग भी दूसरे समितियां के तेंदूपत्ता की तोड़ाई कर देते हैं, जिससे स्थानीय लोग वंचित हो जाते हैं। कम समय तक की तेंदूपत्ता चलता है। पूर्व में तेंदूपत्ता का कार्य लगभग 10 से 15 दिन तक चलता था किंतु वर्तमान समय में लगभग 1 सप्ताह में ही सिमट जाता है। वनांचल क्षेत्र के लोगों के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण आय का बड़ा साधन है। क्षेत्र में लगभग 18 लघु वनोपज सहकारी समिति संचालित है। जिनके खुद के आसपास समितियां में विभिन्न गांव- जंगल है। समितियों में गांव सीमित हो जाने की वजह से तेंदूपत्ता नहीं होने की वजह से वह दूसरे समितियां के




तेंदूपत्ता की तोड़ाई करते हैं। इस संबंध में चुरकीं दादर के ग्रामीणों ने कई जगहों पर पंपलेट चिपका कर आपत्ति दर्ज की है कि उनकी समिति के तेंदूपत्ता की तोड़ाई किसी अन्य समिति के ग्रामीणोंद्वारा न करने की बात नहीं है। तोड़ाई करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने हेतु पोस्टर चिपकाए गया है। किंतु इस संबंध में तेंदूपत्ता के प्रबंधक से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि यह स्थानीय व्यवस्था है कि अपने ही समिति के तेंदूपत्ता को तोड़ा जाए क्योंकि वहां के ही ग्रामीण अत्यंत कम दर पर ही तेंदूपत्ता के बूटा की छोपाई दो-तीन महीने करते हैं ताकि उन्हें अच्छा तेंदूपत्ता मिल सके। ग्रामीण की अपेक्षा रहती है कि अगर हमने तेंदूपत्ता की छो पाई की है तो प्राथमिकता हमें मिले। लोग दूसरे समितियां में भी जाकर तेंदूपत्ता की तोड़ाई करते हैं किंतु शासन का ऐसा कहीं पर उल्लेख नहीं है कि दूसरी समिति के व्यक्ति पत्ता की तोड़ाई नहीं कर सकते।

## स्कूल के व्याख्याता और एनसीसी अधिकारी सागर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पंडित रामबिशाल पाण्डेय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजिम के व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा का सम्मान साहित्य,एनसीसी के क्षेत्र में व प्लास्टिक मुक्ति अभियान, एक पेड़ मां के नाम ,नशा मुक्ति अभियान, निशुल्क सैन्य भर्ती प्रशिक्षण जैसे कार्यों के लिए किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में ए के सारस्वत उप संचालक समग्र शिक्षा रायपुर, डॉ. बी. रघु उप सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल ,हिमांशु भारती जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, अरुण शर्मा डी एम सी रायपुर उपस्थित रहे। मालूम हो कि कार्यक्रम प्रमुख संजीव सूर्यवंशी के साथ गरियाबंद जिला टीम के पुष्पा शुक्ला, लोकेश्वर सोनवानी, यशवंत बघेल, मीनाक्षी शर्मा का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जानकारी के मुताबिक देश का सबसे बड़ा स्व-प्रेरित शिक्षक समूह नवाचारी गतिविधियां समूह भारत देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र और सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है। इस समूह की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इससे जुड़े सभी सदस्य शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक हैं। ये शिक्षक वर्ष 2017 से लगातार अपनी स्व-प्रेरणा से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। पिछले पांच वर्षों से यह समूह लगातार इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सफल आयोजन कर रहा है, जिसकी पूरी योजना और क्रियान्वयन स्वयं शिक्षकों द्वारा ही किया जाता है।

## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गणतंत्र दिवस अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन नामांकन, सिफारिशें शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 जुलाई है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन, सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी।

पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों, विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल है, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं है।

## रबी फसल में करगा झरगा का प्रकोप, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में इन दिनों एक ओर खेतों में फसल की बाली लहलहा रही है, तो वहीं दूसरी ओर करगा झरगा नामक खरपतवार तेजी से फैलकर फसलों के पोषण और विकास को प्रभावित कर रहा है, जिससे किसानों को भारी नुक्सान की आंशका सता रही है। भीषण गर्मी के बावजूद किसान सुबह सूरज निकलने से पहले ही खेतों में पहुंच जाते हैं और दिनभर कड़ी मेहनत करते हुए करगा झरगा को जड़ से उखाड़ने में लगे रहते हैं। हंसिया की सहायता से इसे काटकर फ़सल से अलग किया जा रहा है, फिर चूमड़ी में भरकर खेत के बाहर फेका जा रहा है। यह प्रक्रिया बेहद श्रमसाध्य और समय लेने वाली हैं, लेकिन फसल को बचाने के लिए किसानों के पास फिलहाल यही एकमात्र उपाय है। लादाबाहरा के किसान भूवेन्द्र मरकाम, रसेला से सोहन मरकाम, भानु कोमर्रा, परमेश्वर पटेल, दिव्यानंद यादव,



रक्सी के किसान प्रेमसिंह ठाकुर, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, नारायण सिन्हा बताया कि इस बार फसल अच्छी स्थिति में थी और उत्पादन को लेकर उम्मीदें भी बेहतर थी, लेकिन करगा झरगा ने पूरी मेहनत पर पानी फेरने की आंशका पैदा कर दी है। इन लोगों का कहना है कि अगर इसे समस रहते साफ नहीं किया तो यह पूरी फसल को नष्ट कर सकता है। हम रोज सुबह से शाम तक इसे हटाने में लगे हैं, फिर भी यह तेजी से फैल रहा है। किसानों के अनुसार करगा झरगा न केवल फसल के पोषक तत्वों को खींच लेता है, बल्कि इसकी वजह से फसल का विकास भी रूक जाता है। इससे उत्पादन में गिरावट आने का खतरा बना हुआ है। कई किसानों ने बताया कि इस समस्या के कारण उन्हें अतिरिक्त मजदूरी लगानी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं।

## ढोल-नगाड़े और बाजे के साथ करते रहे भजन कीर्तन

# मोहिनी एकादशी पर कंसारी समाज ने निकाली पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मोहिनी एकादशी पर श्री सत्यनारायण मंदिर कसेर समाज नवापारा द्वारा श्रीकृष्णजी की पालकी यात्रा निकाली गई, सत्यनारायण मंदिर से प्रारम्भ होकर यह पालकी यात्रा गांधी चौक, सदर रोड, स्टेशन पारा,जुन्ना कसेर पारा होते हुए मंदिर पहुंची, जहां हर देहरी पर चौक बनाकर आरती सजाकर पुजन कर भगवान के मोहनी रुप के दर्शन किए और मंत्र मुग्ध हो गए। समिति के प्रमख संतोष कंसारी ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान की पालकी यात्रा धूमधाम से ढ़ोल _नगाड़े और बाजे के साथ भजन कीर्तन, हरी नाम का स्मरण करते झूमते नाचते निकाली गई.मंदिर के पुजारी भागवत महराज ने मोहनी एकादशी व्रत का महत्व बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व माना गया है,



वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली मोहिनी एकादशी को अत्यंत पुण्यदायी और कल्याणकारी माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया, तब अमृत कलश प्राप्त हुआ। अमृत को प्राप्त करने के लिए देवताओं और असुरों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो गई। देवता और असुर दोनों ही अमृत कलश को प्राप्त करना चाहते थे। एकाएक देखा गया कि असुर अमृत प्राप्त करने में आगे बढ़ रहे थे, इसे देखकर देवगण चिंतित हो उठे। तब सभी देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। उन्होंने श्रीहरि से इस समस्या से निकालने का अनुरोध किया। देवताओं की विनती पर भगवान विष्णु ने दिव्य मोहिनी रूप धारण किया।

एक ऐसा अद्भुत और मनमोहक स्वरूप, जिसे देखकर असुर मोहित हो गए। भगवान ने अपनी माया से असुरों को भ्रमित कर अमृत देवताओं को प्रदान कर दिया। इस प्रकार देवताओं ने अमृत पान कर अमरत्व प्राप्त किया।मान्यता है कि भगवान विष्णु ने यही मोहिनी स्वरूप इसी एकादशी तिथि पर धारण किया था। इसी कारण इस पावन तिथि को मोहिनी एकादशी कहा जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंसारी समाज संगठन, मंदिर कमेटी, शिक्षा विकास समिति,युवा संगठन,भजन मंडली, कंसारी महिला संगठन का महत्वपूर्ण योगदान रहा.इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

